भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †5079
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना के अंतर्गत आंबटित और व्यय निधि**

**†5079. डॉ. सुजय विखे पाटीलः**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः**
**श्री कृष्णपालसिंह यादवः**
**प्रो. रीता बहुगुणा जोशीः**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रसाद योजना के प्रारंभ से अब तक इस पर आबंटित, संवितरित और व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणालियां विकसित की हैं और इसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत स्थापित पर्यटन विकास केन्द्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आतिथ्य सत्कार और पर्यटन संबंधी शिक्षा से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं का ब्यौरा क्या है और अतिरिक्त प्रशिक्षण शिक्षा का ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत क्षमता और कौशल विकास के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ग) : पर्यटन के विकास की जिम्मेदारी मुख्यत संबंधित राज्य सरकार (एसजी)/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन (यूटीए) की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) नामक अपनी योजना के अंतर्गत देश भर में पूर्व रूप से चिन्हित गंतव्यों पर तीर्थ संबंधी पर्यटन अवसंरचना के निर्माण के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उपरोक्त योजना के अंतर्गत प्रस्तावों की प्रस्तुति तथा परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत् प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और

यह निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्राप्ति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, वर्तमान में जारी परियोजनाओं के निष्पादन और पूर्व में जारी निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर की जाती है। उपरोक्त के आधार पर प्रशाद योजना के तहत 1586.10 लाख रुपये की लागत से कुल 45 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) : तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजना के अंतर्गत गंतव्य तक अंतिम छोर संपर्कता के भाग के रूप में राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणालियां उपलब्ध करायी गई हैं। उक्त का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) : इस योजना के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा ऐसी कोई भागीदारी नहीं की गई है और न ही क्षमता एवं कौशल विकास के उपाय उपलब्ध कराए गए हैं।

*****

**अनुबंध-I**

प्रसाद योजना के अंतर्गत आंबटित और व्यय निधि के संबंध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †5079 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

| | | | करोड़ रु. में | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजना की संख्या** | **परियोजना का नाम** | **आवंटित राशि** | **संवितरित राशि** | **व्यय की गई राशि** |
| **आंध्र प्रदेश** | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| | 3. | विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ संबंधी सुविधाओं का विकास | 54.04 | केवल प्रशा. अनुमोदन 14.12.2022 | 0.00 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | 4. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 37.88 | 7.34 | 7.32 |
| **असम** | 5. | गुवाहाटी में और आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास | 29.80 | 29.80 | 29.80 |
| **बिहार** | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूल सुविधाओं का विकास | 4.27 | 2.91 | 2.91 |
| | 7. | पटना साहिब का विकास | 41.54 | 33.23 | 31.47 |
| **छत्तीसगढ़** | 8. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 43.33 | 24.33 | 14.65 |
| **गुजरात** | 9. | द्वारका का विकास | 13.08 | 10.46 | 10.46 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाएं | 45.36 | 45.36 | 45.36 |
| | 11. | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 47.12 | 47.12 | 47.12 |
| | 12. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमैंट सहित तीर्थयात्री | 49.97 | केवल प्रशासनिक | 0.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्लाजा का विकास | | अनुमोदन 10.03.22 | |
| | 13. | बनासकंठा, गुजरात के अम्बाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 50.00 | 10.54 | 0.00 |
| **हरियाणा** | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 49.52 | 28.77 | 28.77 |
| **जम्मू एवं कश्मीर** | 15. | हजरतबल, श्रीनगर में विकास | 40.46 | 32.37 | 32.04 |
| **झारखंड** | 16. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 39.13 | 31.23 | 30.17 |
| **केरल** | 17. | गुरुवयूर मंदिर का विकास** | 45.19 | 45.19 | 45.19 |
| **मध्य प्रदेश** | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 43.93 | 43.93 | 38.27 |
| | 19. | अमरकंटक का विकास | 49.99 | 4.86 | 4.86 |
| **महाराष्ट्र** | 20. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 52.92 | 27.67 | 22.05 |
| **मेघालय** | 21. | मेघालय में तीर्थ यात्रा की सुविधाओं का विकास | 29.32 | 17.59 | 16.19 |
| **मिज़ोरम** | 22. | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 44.88 | दिनांक 14.12.22 को प्रशा. अनुमोदन | 0.00 |
| **नागालैंड** | 23. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 25.26 | 21.33 | 16.98 |
| | 24. | जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 18.18 | दिनांक 4.11.22 को प्रशा. अनुमोदन | 0.00 |
| **ओडिशा** | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची नदी तट पर अवसंरचना विकास## | 50.00 | 10.00 | 6.93 |
| **पंजाब** | 26. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 6.40 | 6.40 | 6.40 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 27. | रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 31.57 | 7.26 | 0.00 |
| **राजस्थान** | 28. | पुष्कर/अजमेर का समेकित विकास | 32.64 | 26.11 | 26.11 |
| **सिक्किम** | 29. | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 33.32 | 18.50 | 18.21 |
| **तमिलनाडु** | 30. | कांचीपुरम का विकास | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| | 31. | वेलंकनी का विकास | 4.86 | 4.86 | 4.86 |
| **तेलंगाना** | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 36.73 | 13.76 | 8.96 |
| | 33. | तेलंगाना के भद्राचलम, भादाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 41.38 | दिनांक 22.12.22 को प्रशा. अनुमोदन | 0.00 |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत संबंधी पर्यटन अवसंरचना का विकास | 62.00 | दिनांक 22.12.22 को प्रशा. अनुमोदन | 0.00 |
| **त्रिपुरा** | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 37.80 | 21.18 | 17.64 |
| **उत्तराखंड** | 36. | केदारनाथ का समेकित विकास | 34.77 | 34.77 | 34.77 |
| | 37. | बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 56.13 | 20.79 | 19.15 |
| | 38. | उत्तराखण्ड में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 54.36 | 14.06 | 7.48 |
| **उत्तर प्रदेश** | 39. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण II) | 10.98 | 10.98 | 10.98 |
| | 40. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सूचना केन्द्रि का निर्माण | 9.36 | 9.36 | 9.36 |
| | 41. | वाराणसी का विकास-- चरण -I | 20.40 | 16.32 | 16.32 |
| | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज | 9.02 | 9.02 | 9.02 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पर्यटन | | | |
| | 43. | प्रशाद योजना - चरण ।। के अंतर्गत वाराणसी का विकास | 44.60 | 31.77 | 31.77 |
| | 44. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 39.74 | 30.97 | 28.31 |
| **पश्चिम बंगाल** | 45. | बेलूर का विकास | 30.03 | 23.39 | 22.83 |
| | | **कुल** | **1586.10** | **858.37** | **787.55** |

## निष्पादित कार्यों की सीमा तक परियोजना का निष्पादन पूर्ण घोषित।

*****

**अनुबंध-II**

प्रसाद योजना के अंतर्गत आंबटित और व्यय निधि के संबंध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †5079 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**योजना के अंतर्गत प्रदान की गई पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणालियों का राज्य-वार विवरण:**

| **क्र. सं.** | **परियोजना** | **राज्य** | **घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | आंध्र प्रदेश | पर्यावरण अनुकूल परिवहन |
| 2 | विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम का विकास | आंध्र प्रदेश | विद्युत मिनी वैन |
| 3 | पटना साहिब का विकास | बिहार | बैटरी चालित परिवहन |
| 4 | रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास | पंजाब | बैटरी चालित कार्ट |
| 5 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | तेलंगाना | विद्युत बसें |
| 6 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत संबंधी पर्यटन अवसंरचना का विकास | | विद्युत कार्ट |
| 7 | तेलंगाना के भद्राचलम, भादाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थ अवसंरचना का विकास | तेलंगाना | बैटरी चालित परिवहन |

*****